# नगर पालिक निगम भिलाई


## मासिक पत्रिका
## सितम्बर 2024




नगर पालिक निगम भिलाई

# सिंगल युज प्लास्टिक पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 32,500 अर्थ दंड वसूला

नगर निगम भिलाई द्वारा लगातार सिंगल युज प्लास्टिक बड़ी कार्रवाई की जा रही है इसी के अंतर्गत आज पावर हाउस सर्कुलर मार्केट में स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली अपनी अपने स्वास्थ्य विभाग के टीम के धावा बोल दिए। बार-बार समझे देने के बाद भी, व्यापारी सिंगल युज प्लास्टिक बेच रहे थे। 85 दुकानदानो से सिंगल यूज प्लास्टिक पर कार्यवाही की गयी। नगर निगम के टीम को देखकर व्यापारी सिंगल प्लास्टिक को इधर-उधर फेंकने लगे। कोई कहीं छुपाता, कोई कहीं छुपाता, इतना बचा हुआ था आगे से नहीं बचेंगे यही सब बहाना बना रहे थे। बड़ी-बड़ी दुकानों द्वारा भी गंदगी फैलाई जा रही थी । 50 से अधिक दुकानों को समझाइस दिया गया। प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करें। इन होटल में गंदगी पायी गयी। नवरंग डेयरी, गुरु नानक बेकरी, बिहार होटल, मां जगदंबा स्वीट्स, शंकर डेयरी, समीर डेयरी के विरूद्ध भी कार्यवाही की गई। सिंगल यूज प्लास्टिक शासन के आदेशानुसार प्रतिबंधित है। यह सबके लिए हानिकारक है। पर्यावरण स्वास्थ्य, सफाई सभी दृष्टिकोण से इसको रखना, इसमें सामग्री बेचना, इसमें रखी गई सामग्री को खाना नुकसानदेह है। महापौर नीरज पाल आयुक्त देवेश ध्रुव ने व्यापारियों एवं आम नागरिकों से सहयोग की अपेक्षा करते हुए अपील की है कि मौसमी बीमारियों से बचने के लिए साफ सफाई पर ध्यान दें। पानी उबालकर पिए, हाथ धोकर साफ सुथरा भोजन करें। किसी प्रकार का तकलीफ होने पर डॉक्टर से परामर्श लेकर इलाज करवावे। नगर को साफ सुथरा, स्वच्छ रखने के लिए सिंगल प्लास्टिक का उपयोग न करें। कार्रवाई के दौरान जोन के स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना, अनिल मिश्रा, वीरेंद्र बंजारे, हेमंत माझी, स्वच्छता निरीक्षक अंजनी सिंह, प्रवीण कुमार, बीरबल बघेल, नरेंद्र भारती, सुरेश पटेल, धन बहादुर सोनी, दानी लाल, सोनू सोनवानी आदि उपस्थित रहे। जनसंपर्क विभाग, नगर पालिक निगम भिलाई।




## नगर पालिक निगम भिलाई

# परिवार का कोई भी सदस्य राशन कार्ड प्राप्त कर सकता है, जिसका नाम राशन कार्ड में दर्ज होना चाहिए

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र राशन कार्ड का नवीनीकरण किया गया है। हितग्राही अपने पुराने राशन कार्ड को राशन दुकान में जमा कर नवीनीकृत राशन कार्ड प्राप्त कर सकते है। सभी राशन दुकानो को हितग्राही के राशन कार्ड का पीडीएफ भी वितरण करने दिया गया है। जहां पर जाकर परिवार का कोई भी सदस्य जिसका नाम राशन कार्ड में दर्ज है। अपना पुराना राशन कार्ड जमा कर नवीन राशन कार्ड प्राप्त कर सकते है। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव के निर्देश पर राशन कार्ड वितरण करने कर्मचारियों की डयूटी भी लगाई गई है। जिससे निगम भिलाई क्षेत्र में राशन कार्डधारियों को राशन कार्ड आसानी से वितरण किया जा सके। निगम भिलाई क्षेत्र के राशन कार्डधारी अपने वार्ड एवं क्षेत्र के नजदीकी राशन दुकान जाकर अपना नवीन राशन कार्ड प्राप्त कर सकते है। यह राशन कार्ड पुरी तरह से निःशुल्क वितरण किया जा रहा है। जिससे उन्हे पुराने राशन कार्ड के जगह नवीन राशन कार्ड वितरण किया जा सके। महापौर नीरज पाल ने क्षेत्र के नागरिको से अपील की है कि नागरिक अपना नवीन राशन कार्ड जल्द से जल्द प्राप्त कर ले। जिससे उन्हे राशन की दुकानो में जाकर राशन छुड़ाने में किसी प्रकार की कोई असुविधा न हो। यह राशन कार्ड उनके सुविधा के लिए ही दिया जा रहा है।



# त्यौहारी सिजन को देखते हुए सभी वार्डो की लाईट व्यवस्था सुदृढ़ होगी।

भिलाईनगर। आज महापौर परिषद की बैठक महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें एमआईसी के सदस्यो द्वारा सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया। प्रमुख रूप से त्यौहारी का सीजन शुरू हो रहा है। गणेश चतुर्थी से शुरू होकर इदे मिलाद, विश्वकर्मा पुजा, नवरात्रि पर्व, दशहरा, दीपावली, छठ, गांधी जयंती, गुरूधांसीदस जयंती, क्रिशमस इत्यादि सभी त्यौहारो के दिन आने वाले है। जिसमे नगर की जनता उत्साह पूर्वक सहभागी बनती है। इसको देखते हुए नगर निगम भिलाई के सभी वार्डो मंे लाईट व्यवस्था सुदृढ़ की जावेगी। पुराने लाईटो को ठीक किये जायेगे, नये लाईट की आवश्यकता होगी उसे लगाया जायेगा, ताकि क्षेत्र मे पर्याप्त रोशनी हो। सामुदायिक शौचालयो का रखरखाव तथा संचालन हेतु स्वच्छता श्रृंगार योजना के अंतर्गत रूचि की अभिव्यक्ति के अंतर्गत निविदा आमंत्रित की गई थी। जिसमें 65 एनजीओ द्वारा ने भाग लिया गया, इसमें 7 पात्र एवं 58 पात्र पाये गये, पात्र पाये गये समूह/एन.जी.ओ./फर्म की चयन की प्रक्रिया हेतु महापौर परिषद के समक्ष विचारार्थ रखा गया। समिति ने कुछ आवश्यक संशोधन के साथ पारित किया।



।

## स्ट्रीट लाइट में लगाए गए बैनर पोस्टर हटाए गए

भिलाई,नगरपालिक निगम भिलाई क्षेत्र में सुपेला घड़ी चौक से गदा चौक तक रोड के मध्य स्ट्रीट लाइट लगाए गए है। जिससे सुंदरता बनी रहती है। शाम के समय जलते हुए लाइट बहुत खूबसूरत दिखते हैं। बिना अनुमति के वहां पर लगाए गए बैनर पोस्टर को निगम के राजस्व अमला द्वारा हटाया गया। गौरतलब है कि सड़क को आकर्षक दिखने के लिए आधुनिक स्ट्रीट लाइट लगाए गए हैं बिना अनुमति के रात के समय लाइट के पोल के ऊपर बैनर पोस्टर लगा दिए जाते हैं। जिससे स्ट्रीट लाइट खराब हो जाती है। आने जाने वालों के लिए परेशानी का सब बन जाता है। दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। इसको देखते हुए सड़कों पर से लगाए गए बैनर पोस्टर को हटाया जा रहा है। सिंगापुर से आए डॉक्टर बनर्जी ने बताया कि हम दूसरे देश सिंगापुर, मलेशिया, दुबई के साफ सफाई की तारीफ करते हैं। इसके पीछे वहां के नियम कानून का लोगों द्वारा पालन करना होता है। यह नहीं कि कहीं पर भी हम शासकीय व्यवस्था में बाधक बने, जिससे लोगों को परेशानी हो, जिम्मेदारी सबकी है, नगर को स्वच्छ रखने में। बिना अनुमति के कहीं पर भी बैनर पोस्टर लगाना कानूनन अपराध है। इससे लाइट खराब हो जाती हैं। जनसंपर्क विभाग, नगर पालिक निगम भिलाई।




## नगर पालिक निगम भिलाई

# निगम भिलाई क्षेत्र में 14 सितम्बर से स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान शुरू किया जायेगा

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत 14 सितम्बर 02 अक्टूबर तक स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान चलाया जायेगा। जिसके तहत निगम भिलाई क्षेत्र में अलग.अलग दिन सफाई से संबंधित गतिविधियां चलाई जाएगी। जिसके अंतर्गत श्रम दानए स्वच्छता शपथ में दौड़ए रैलीए मानव श्रृंखला प्रभात फेरीए कचरा संग्रहण में लगी गाड़ियों को हरी झण्डी दिखाया जायेगा। इसके अंतर्गत पिछले 10 वर्षो की उपलब्धियों का विवरण शामिल किया जायेगा। एक पेड़ मां के नाम फलदान एवं छायादार पौधे का रोपण कर स्वच्छता का शपथ भी लिया जायेगा। भिलाई नगर को स्वच्छता से जोड़ने एवं शहर को साफ.सुथरा बनाने सब के सहयोग से यह कार्यक्रम चलाया जावेगा। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव के निर्देश पर अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी द्वारा संबंधित अधिकारी कर्मचारियों की मीटिंग आहूत की गई। सबके द्वारा किए जाने वाले कार्यो के बारे में बताया गया। प्रत्येक दिन प्रत्येक वार्ड के लिए क्या.क्या कार्य करना है। उनके द्वारा उत्कृष्ठ कार्य करने वाले निकाय को पुरस्कृत किया जायेगा। निगम भिलाई क्षेत्र में सफाई अभियान डोर.टू.डोर किया जा रहा है। जिससे शहर की सुन्दरता को बनाये रखने लगातार जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। महापौर नीरज पाल ने सभी नागरिको से अनुरोध किया है कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 का आरंभ होने वाला है। हम सबकी जिम्मेदारी है भिलाई को स्वच्छता में अग्रणी बनाने के लिए। यह सबके सहयोग से ही संभव होगा। बस एक भावना मन में हो हम क्या बेहतर कर सकते है अपने भिलाई के लिए।



# गणेश प्रतिमा विसर्जन हेतु तालाब निर्धारित किये गये है वहीं पर विसर्जन करें-आयुक्त

भिलाईनगर। छत्तीसगढ़ शासन आवास एवं पर्यावरण विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर द्वारा मूर्ति विसर्जन हेतु दिशा निर्देश जारी किया गया है। शासन के आदेश का पालन करते हुए नगर निगम भिलाई में सभी जोन क्षेत्र के तालाबो में मूर्ति विसर्जन के लिए अस्थाई पाॅड का निर्माण किया गया है। ऐसे श्रद्वालु जो अपने चिन्हित क्षेत्र में भगवान की पदस्थापना किये है, वे निगम क्षेत्र के तालाबो में बनाये गए अस्थाई पाॅड में ही मूर्ति विसर्जित करे।

मूर्ति विसर्जन से जल स्त्रोतो की गुणवत्ता प्रभावित होती है। जिसके कारण जलीय जीव-जन्तुओ के जान को खतरा होता है, जिससे जल प्रदुषित होता है। केन्द्रीय प्रदुषण बोर्ड द्वारा जारी आदेशानुसार मूर्ति विसर्जन क्षेत्र के चिन्हित तालाबो में बनाए गए पाॅड पर ही विसर्जन करें। जिससे जल प्रदुषण को रोका जा सके और जलीय जीव जन्तुओ को भी बचाया जा सके। प्रायः यह देखा जाता है कि श्रद्वालुओ द्वारा मूर्ति विसर्जन के दौरान स्वयं पानी के गहराई में चले जाते है जिससे उनके जान को खतरा बना रहता है। प्रमुख स्थानः- जोन-01 के वार्ड 01 खम्हरिया आमाबंध तालाब, खम्हरिया, शीतला तालाब, जुनवानी शीतला तााालाब, वार्ड 07 राधिका नगर आमा तालाब, वार्ड 11 फरीद नगर लिम्हा तालाब, वार्ड 13 आर्यनगर शीतला तालाब। जोन-02 के वार्ड 16 शीतला तालाब सुपेला, वार्ड 22 कुरूद नकटा तालाब, शीतला तालाब, वार्ड 26 रामनगर मुक्तिधाम तालाब। जोन-03 के केम्प 02 तालाब। जोन-04 वार्ड 40 छावनी दर्री तााालाब। जोन-05 के वार्ड 65 सेक्टर 07 शिवधाम तालाब, वार्ड 70 हुड़को तालाब। इन तालाबो में मूर्ति विसर्जन पर रहेगा पूर्णतः प्रतिबंधः- वार्ड 02 स्मृति नगर तालाब थाना के सामने, वार्ड 04 नेहरू नगर भेलवा तालाब, वार्ड 06 संजय नगर तालाब, वार्ड 13 साकेत नगर भेलवा तालाब, वार्ड 13 हरी तालाब एवं बंधन तालाब, वार्ड 25 सूर्यकुण्ड हाउसिंग बोर्ड, सेक्टर 02 तालाब, वार्ड 50 बाबा बालकनाथ मंदर, वार्ड 41 छावनी लक्ष्मण नगर तालाब, वार्ड 13 बापू सरोवर। नगर निगम भिलाई के महपौर नीरज पाल एवं आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने सभी श्रद्वालुओ से विनम्र अपील की है कि नगर निगम भिलाई द्वारा सभी जोन में गणेश प्रतिमा विसर्जन हेतु तालाब निर्धारित किया गया है। वही पर अस्थाई विसर्जन कुण्ड भी बना है, गणेश प्रतिमा का विसर्जन वहीं पर सावधानी पूर्वक करे।



**नगर पालिक निगम भिलाई**

# स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत एक पेड़ मां के नाम रोपण किया गया

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत शासन के निर्देशानुसार स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत भिलाई शहर के पर्यावरण की सुन्दरता को बनाये रखने वृहद वृक्षारोपण किया जा रहा है। स्वच्छता ही सेवा अभियान में एक पेड़ मां के नाम अधिक से अधिक पेड़ लगाने के निर्देश प्राप्त है। खुर्सीपार आई.टी.आई. ग्राउण्ड एवं केनाल रोड किनारे 200 पौधे एक पेड़ मां के नाम रोपण किया गया। इसी प्रकार सुपेला घड़ी चैंक पर 94.3 माय एफ एम लाइव स्टूडियो के माध्यम से नागरिको को एक पेड़ मां के नाम पौधे रोपित करने गमले में पौधे लगाकर वितरण किया जा रहा है। नगर निगम भिलाई के आयुक्त अशोक द्विवेदी ने पर्यावरण एवं उद्यानिकी विभाग के उद्यान अधिकारी तिलेश्वर कुमार साहू निर्देशित किये है। कि स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अभियान 17 सितम्बर से प्रारंभ किया गया है जो 02 अक्टूबर तक चलाया जायेगा। इस अभियान में शहर के जनप्रतिनिधियो, वार्ड के नागरिको, महिला समूह एवं पर्यावरण मित्र के साथ मिलकर पौधा रोपण किया जाए।

जिससे भिलाई शहर को प्रदुषण मुक्त शहर बनाया जाए। अधिक से अधिक पेड़ लगाए एवं नागरिको को भी इस अभियान से जोड़ते हुए जागरूक किया जाए। जिससे हमारा भिलाई शहर हरा-भरा एवं साफ-सुथरा वातावरण बनाना है। महापौर नीरज पाल एवं उद्यान की विभाग के अध्यक्ष नेहा साहू ने कहा है कि अधिक से अधिक पेड़ लगाना है और हम सबको मिलकर बचाना है तभी हमारी भिलाई हरी भरी रहेगी. वृक्षारोपण के दौरान जोन-04 से सहायक अभियंता प्रिया करसे, उपअभियंता चंदन निर्मल, सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी, वेंकट, वार्ड पार्षद विनोद सिंह, पी श्याम सुन्दर राव, सरिता देवी, वृक्ष मित्र मुकेश पाण्डेय, डाॅ. हर्षिता शुक्ला सहित जोन के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



**नगर पालिक निगम भिलाई**

# साइकिल रैली निकालकर स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।

भिलाई1 नगर निगम भिलाई द्वारा स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत जन जागरूकता हेतु साइकिल रैली निकाली गई । आज का थीम था साइकिल रैली से स्वच्छता जागरूकता, आज साइकिल रैली सुबह 7:30 बजे सेक्टर 9 चौक से शुरू होकर के सिविक सेंटर के अर्जुन रथ तक पहुंची। साइकिल रैली के दौरान साइकिल पोलो खिलाड़ी, फुटबॉल खिलाड़ी, एनडीआरएफ की टीम, नगर निगम भिलाई का दल, उपस्थित रहा । सभी खिलाड़ियों को नंबर दिया गया था। प्रारंभिक स्थल से  से जैसे ही एमआईसी सदस्य स्वच्छता प्रभारी अध्यक्ष लक्ष्मीपति राजू ने हरी झंडी दिखाकर के रैली को रवाना किया, पूरे जोश खरगोश के साथ सभी खिलाड़ी नारे लगाते हुए साइकिल रैली में भागीदार बने। विजेता रहे प्रथम स्थान प्राप्त किया युवराज साहू नवीन कॉलेज, द्वितीय स्थान यश कुमार सोनकर दुर्ग, तृतीय स्थान परमेश्वर कौशिक, महिला वर्ग में अखिलेश्वरी प्रथम, तृप्ति साहू द्वितीय, मंजू साहू तृतीय। सिविक  सेंटर  में पहुंचकर सभी खिलाड़ियों, नगर निगम भिलाई के अधिकारी कर्मचारी, सामाजिक कार्यकर्ता, व्यापारिक गण, विद्यार्थियों ने एक साथ मिलकर के स्वच्छता शपथ ली। रैली के दौरान उपस्थित रहे  जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, जनसंपर्क अधिकारी अजय शुक्ला, खेल विभाग से प्रदीप भुसावल, जोन के स्वास्थ्य अधिकारी सीनियर स्वच्छता निरीक्षक वी के सैमुअल,  हेमंत माझी, वीरेंद्र बंजारे, अंजनी सिंह,  पी आई यू अभिनव आदि उपस्थित रहे। जनसंपर्क विभाग, नगर पालिका निगम, भिलाई।



# स्वच्छता पर बच्चों ने बनाई ड्राइंग, लिखा निबंध सबने की तारीफ

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत जोन क्रं. 4 स्वामी आत्मानंद स्कूल में स्वच्छता पर ड्राइंग, निबंध, नुक्कड़ नाटक, लोकगीत प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें संयोग से मुख्य अतिथि पूर्व विधायक कुनकुरी मुख्यमंत्री जी के छोटे भाई रोहित साय पधारे। उनके द्वारा सर्वप्रथम भारत माता के तैल्य चित्र एवं महात्मा गांधी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया, उसके बाद कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत हुई। श्री साय ने बच्चों द्वारा बनाई जा रही स्वच्छता के उपर ड्राइंग को देखा। बच्चों से उत्सुकता भरे प्रश्न भी किये। आप यह ड्राइंग जो बना रहे हो, इसके पीछे क्या उद्देश्य है। बच्चों ने बड़े ही सहज भाव से जवाब दिया, हमारा भारत स्वच्छ बने इसमें हम सब की भागीदारी सुनिश्चित हो। हम सब की भागीदारी किस प्रकार से होगी, उसको हम अपने ड्राइंग के माध्यम से बता रहे हैं। निबंध के माध्यम से स्वच्छता के प्रति प्रत्येक व्यक्ति के जवाबदेही का एक बेहतर चित्रण प्रस्तुत किया गया। शिव ताण्डव के माध्यम से भी बच्चो ने स्वच्छता को रेखांकित किया। हर एक कार्यक्रम मन को मुग्ध करने वाला एक से बढ़कर एक था। अंत में नशा नास का जड़ है, जो पुरे समाज को खोखला करते जा रहा है। इस पर सुनाई गई कविता सबके दिल को छू लिया।

श्री साय द्वारा अपने उदबोधन में बताया गया कि मान. प्रधानमंत्री द्वारा हर एक व्यक्ति को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर दिया। जिस स्वच्छता को हम सब सामान्य समझते थे, वह सबके लिए विशेष हो गया है। हर व्यक्ति इसमें शामिल है। मान. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन का स्वरूप यही है कि हमर छत्तीसगढ़ साफ-सथरा एवं हरा भरा बने। जिसमें गांव से शहर तक हर व्यक्ति की अपनी भागीदारी सुनिश्चित हो। कार्यक्रम के दौरान वार्ड पार्षद एवं शाला अध्यक्ष श्यामसुंदर राव, जोन आयुक्त सतीश यादव, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, जनसंपर्क अधिकारी अजय शुक्ला, जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत माझी, राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, शाला के प्रिंसिपल, बच्चों के माता.पिता एवं बहुत सारे बच्चे जोश-खरोश के साथ कार्यक्रम उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर स्वच्छता ही सेवा पर श्री साय द्वारा सबको शपथ दिलाई गई। साथ ही राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।





# निगम भिलाई क्षेत्र में पीएम आवास से निर्मित मकानो का आबंटन किया जाएगा।

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत नागरिको को आवास का आबंटन निरंतर किया जा रहा है। नगर निगम भिलाई क्षेत्र में अलग-अलग जगहो पर पीएम आवास का निर्माण किया गया है एवं कुछ जगहो पर निर्माण कार्य जारी है। जिन मकानो का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है उन मकानों को हितग्राहियो को आबंटन किया जा चुका है। इसी प्रकार जिन मकानो का निर्माण कार्य जारी है उन मकानो का आबंटन किया जाना है। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र मेंें अब तक 15 स्थानों पर कुल 3709 आवासों का स्वीकृति प्राप्त हुआ है, जिसका निर्माण कार्य प्रगति पर है। कुल मकानो में से 1083 मकानों का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा 1912 मकान पूर्णता पर है। जिसको दिसम्बर माह तक पूर्ण कर लिया जाएगा। निर्माण किये गये मकानो मे से 1083 मकानो का आबंटन हितग्राहियो का किया जा चुका है। जिनमें से 1906 आवास आबंटन हेतु शेष है। जिसके लिए 2058 हितग्राहियो का चयन जिला चयन समिति के द्वारा किया जा चुका है। जैसे ही हितग्राही द्वारा 10 प्रतिशत अंशदान की राशि निगम कोष में जमा किया जाएगा। उन्हे नियमानुसार लाटरी पद्वति से आवास आबंटन कर दिया जाएगा। नगर निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय परिसर में दिनांक 03.10.2024 को समय प्रातः 11ः00 बजे मकान आबंटन हेतु लाटरी रखा गया है। जिन हितग्राहियो द्वारा पहले से आवेदन जमा किये है और प्रथम किश्त की राशि जमा कर चुके है। उन्हे आगामी लाटरी पद्वति में शामिल हो सकते है। जिसकी सूचना हितग्राहियो को समाचार पत्रों, दुरभाष एवं सूचना पत्र के माध्यम से पृथक से दिया जाएगा। मकान आबंटन होने के पश्चात शेष बकाया राशि 9 समान किस्तों में जमा कर मकान की चाबी प्राप्त कर सकते है।

**Editorial Board**

**श्री बजरंग दुबे**
**रा.प्र.से.**
**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम**
**भिलाई**

**Contact & Address**

**श्री अजय कुमार शुक्ला**
**प्रभारी जनसंपर्क अधिकारी**
**नगर पालिक निगम**
**भिलाई**